Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding opening of an Army School in Katihar Parliamentary Constituency, Bihar

श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी (कटिहार): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र कटिहार पश्चिम बंगाल और नेपाल की सीमा पर स्थित है तथा बिहार में एक महत्वपूर्ण जिला है। कटिहार में सेना का रिक्रूटमेंट सेंटर है और रेलवे डिवीजन भी है। मैं यह कहना चाहता हूं कि कटिहार भारत सरकार के आकांक्षी जिलों में से एक है। यह जिला शिक्षा की दृष्टि से पिछड़ा जिला है, इसलिए मैं, आपके माध्यम से, माननीय रक्षा मंत्री जी से मांग करता हूं कि कटिहार जिले में सेना का रिक्रूटमेंट ऑफिस है, इसलिए वहां भारत सरकार की तरफ से एक सैनिक विद्यालय बनाया जाए, ताकि वहां शिक्षा का स्तर आगे बढ़ सके। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।